सरकारी स्टेट हाई स्कूल राजनांदगांव... पृष्ठ 2 | कांग्रेस पूरे 60 दिन तक मनाएगा... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स

शुक्रवार, 29 नवंबर 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 47, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए



नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559

# जनजातीय संस्कृति ने भगवान श्रीराम को अपने हृदय में बसा रखा है - मुख्यमंत्री

## जनजातीय समुदायों के समग्र विकास के लिए छत्तीसगढ़ में अनेक योजनाएं हैं संचालित, मुख्यमंत्री ने जनजातीय अस्मिता, अस्तित्व और विकास विषय पर आयोजित संगोष्ठी को किया संबोधित



**रायपुर।** जनजातीय समाज का इतिहास धरती पर मनुष्य के पहले पदचाप के साथ जुड़ा हुआ है। जनजातीय संस्कृति ने भगवान श्रीराम को अपने हृदय में बसा रखा है। भगवान राम ने छत्तीसगढ़ में ही वनवास बिताया, यहीं पर उन्होंने माता शबरी के जूठे बेर खाए। जनजातीय अस्मिता का प्रश्न भारत की सनातन परंपरा की अस्मिता से जुड़ा हुआ प्रश्न है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में जनजातीय अस्मिता, अस्तित्व और विकास विषय पर आयोजित एक दिवसीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि आज हमें जनजातीय समुदायों की अस्मिता और विरासत के प्रति संवेदनशील यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का नेतृत्व मिला है। आज जनजातीय समुदाय की हमारी बहन श्रीमती द्रौपदी मुर्मु भारत के सर्वोच्च पद पर आसीन हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जनजाति समाज सांस्कृतिक रूप से समृद्ध समाज है। यह समाज कुप्रथाओं का मुखर विरोध करता है। भारत की संस्कृति और देश की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए जनजातीय जननायकों के योगदान को याद करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर पूरे देश में 13 से 15 नवम्बर तक जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। मुख्यमंत्री ने जनजातीय समाज की परंपराओं, संस्कृति रीति-रिवाज, तीज-त्यौहार और शासन द्वारा जनजातीय उत्थान के लिए शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि 13 नवंबर को जशपुर जिले में आयोजित पदयात्रा इतनी सफल रही कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने इसकी खुलकर तारीफ की और ऐसे आयोजनों को जनजातीय समाज के विकास और उत्थान में महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर हुए राष्ट्रीय आयोजन ने अन्य प्रांतों से आए आदिवासी समुदाय को एक दूसरे की संस्कृति को जानने-समझने का सुंदर अवसर दिया। श्री साय ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल जी ने अपने कार्यकाल के दौरान सबसे पहले पृथक जनजातीय कल्याण मंत्रालय बनाया और आदिवासियों के विकास के लिए एक मजबूत नींव रखी। उन्होंने कहा कि हम मैदानी और जनजातीय क्षेत्रों में अवसरों की समानता स्थापित करने के लिए अपनी योजनाएं और नीतियां बना रहे हैं ताकि छत्तीसगढ़ के प्रत्येक समुदाय के पास विकास के समान अवसर हों और जनजातीय समाज अपनी प्राकृतिक और भौगोलिक जटिलताओं पर जीत हासिल करते हुए समग्र भारत के विकास की मुख्य धारा में शामिल हो सकें। जब हम जनजातीय समुदायों की अस्मिता की रक्षा करेंगे, उनकी संस्कृति का संरक्षण और संवर्धन करेंगे, उनके इतिहास और उनके नायकों का गौरवगान करेंगे तो निश्चित रूप से मां भारती का यश बढ़ेगा, उसका गौरव गान होगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भारत के जनजातीय समुदायों के समग्र विकास के लिए मोदी जी पीएम जनमन योजना और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान जैसी योजनाएं चला रहे हैं। ये योजनाएं जनजातीय समुदायों के जीवन में परिवर्तन लाने के लिए क्रांतिकारी योजनाएं साबित हो रही है। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना जैसी अनेक योजनाओं से जनजातीय समुदायों को बड़ा संबल मिला है। पिछले 11 महीने में छत्तीसगढ़ सरकार ने बस्तर अंचल में शांति स्थापित करने के लिए तेजी से अपने कदम बढ़ाए हैं। नियद नेल्ला नार योजना के माध्यम से शासन की योजनाओं को दूरस्थ अंचलों तक पहुंचाने की अनूठी पहल की गई है। बस्तर अंचल में सुरक्षाबलों के 34 नए कैंप खोले गए हैं और लगभग 96 गांवों में शासकीय योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है। वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि जनजातीय महानायकों के गौरवशाली इतिहास की जानकारी आने वाली पीढ़ी को हो इसलिए ऐसे आयोजन आवश्यक हैं। यह हमारी जिम्मेदारी है कि उनके मूल्यों को अगली पीढ़ी तक ले जाएं। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज ने सदैव प्रकृति के संरक्षण की दिशा में कार्य किया है। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता श्री अतुल जोग ने कहा कि बिना स्वार्थ के जनजातीय समाज ने मानव सेवा का काम किया है। इसका सुंदर उदाहरण पद्म पुरस्कारों की घोषणाओं में भी देखने को भी मिला, जिसमें बड़ी संख्या में जनजातीय समुदाय के लोग शामिल रहे हैं। संगोष्ठी को श्री पवन साय और श्री अनुराग जैन ने भी संबोधित किया। उच्च शिक्षा विभाग के सचिव श्री प्रसन्ना आर. ने इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जनजातीय समुदाय के विद्यार्थियों के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी।



# गांवों के नल अब पंचायतों के हवाले : कनेक्शन पर देना होगा 60 रुपए महीना, पानी की बर्बादी पर लगेगा जुर्माना

धीरज तिवारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सभी गांवों में लगे सरकारी नल अब ग्राम पंचायतों के हवाले होंगे। गांवों में नल के कनेक्शन पर हर महीने 60 रुपए शुल्क देना होगा। यही नहीं, अगर किसी ने पीने के पानी दुरुपयोग किया, तो उसका कनेक्शन कटेगा, साथ ही जुर्माना भी लगाया जाएगा। राज्य में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने यह व्यवस्था लागू करने के लिए नियम बना लिए हैं। इन नियमों पर सात दिनों के अंदर दावा आपत्ति ली जाएगी। इसके बाद यह नियम लागू हो जाएगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने यह व्यवस्था लागू करने के लिए छत्तीसगढ़ ग्रामीण पेयजल संचालन एवं संधारण नियम 2024 बनाया है। यह नियम ग्राम पंचायत क्षेत्र के अधीन सभी गांवों, बसाहटों, पारों, मजरों, टोलों और मोहल्ले में रहने वाले परिवार पर लागू होंगे। गांव में रहने वाले व्यक्ति, संस्था जो अपनी पेयजल की जरूरतों के लिए शासन, ग्रामीण स्थानीय निकाय द्वारा दिए जाने वाले नल कनेक्शनधारी हैं, वे सभी इस नियम के तहत उपभोक्ता होंगे। गांवों में ग्रामीण पेयजल व्यवस्था लागू होने के बाद



घरेलू कनेक्शन के लिए घरेलू हाउस होल्ड कनेक्शन या शासकीय संस्थाओं को भी 60 रुपए महीना जल प्रभार देना होगा। यह नहीं अगर गांव में किसी के घर शादी ब्याह या अन्य कार्यक्रम के लिए टैंकर लगता है तो उसके लिए एक हजार रुपए टैंकर देना होगा। ग्राम पंचायतें सालभर बाद जल प्रभार में संशोधन कर इसे 25 प्रतिशत तक बढ़ा सकती हैं। नए घरेलू कनेक्शन के लिए 120 रुपए देने होंगे। इस नियम में यह प्रावधान है कि अगर कोई उपभोक्ता पीने के पानी का दुरुपयोग करता है, तो उस पर जुर्माना लगेगा। यही नहीं, उसका कनेक्शन भी काटा जाएगा। यही नहीं, गांव की जानकारी में जिस दिन ये बात आएगी कि उपभोक्ता ने बूस्टर पंप से पानी खींचा और पीने के पानी दुरुपयोग किया, तो उस दिन से समिति पहले दिन दैनिक दर प्रभार का 10 गुना प्रतिदिन के हिसाब से जुर्माना लगाएगी। पंप को हटाया जाएगा और नोटिस जारी किया जाएगा। ोटिस के 48 घंटे बाद भी यदि पंप को हटाया नहीं गया, तो जुर्माने के साथ नल कनेक्शन काट कर पंप भी जब्त करने का काम करेगी। ग्रामीण नल जल प्रदाय योजना के संचालन के लिए प्रबंधन समिति का गठन किया जाएगा। यह समिति ग्राम पंचायत की स्थायी समिति के अंतर्गत गठित सामान्य प्रशासन समिति होगी जो अपने दायित्वों के साथ साथ जल जीवन मिशन, अन्य शासकीय योजना या शासकीय मदों से बने एवं हस्तांतरित स्थानीय निकायों के, स्वयं के राजस्व निकायों के, स्वयं के राजस्व से निर्मित परिसंपत्तियां एवं उनके द्वारा प्रदाय किए जा रहे ग्रामीण पेयजल योजना के संचालन एवं संधारण का काम करेंगी। यही समिति नलों के पानी के दुरुपयोग और पंप लगाने वालों पर भी नजर रखेगी।

# सुनील सोनी ने ली विधानसभा की सदस्यता : विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने दिलाई शपथ, सीएम ने दी बधाई




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के दक्षिण विधानसभा से बीजेपी के सुनील सोनी ने बंपर जीत दर्ज की है। जीत के बाद गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने विधानसभा के सभागार में आयोजित समारोह में नव निर्वाचित विधायक सुनील सोनी को विधायक पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सीएम विष्णुदेव साय सहित मंत्रीगणों और विधायकों ने श्री सोनी को उनकी नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दी। विधायक श्री सुनील सोनी ने शपथ ग्रहण के बाद विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि, मैं अपने क्षेत्र की जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करूंगा और उनकी सेवा में समर्पित रहूंगा। इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, किरण सिंह देव, मोतीलाल साहू, अनुज शर्मा, गुरु खुशवंत साहब एवं जनप्रतिनिधिगण भी उपस्थित थे।

# मालवाहक ने दोपहिया वाहन को मुढ़पार मोड़ पर जबरदस्त ठोकर मार दी







**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** मालवाहक ने दोपहिया वाहन को मुढ़पार मोड़ पर जबरदस्त ठोकर मार दी. दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि दोपहिया वाहन में सवार दोनों युवको की मौत घटनास्थल पर ही हो गई. पुलिस सूत्रों से प्राप्त समाचार में बताया गया कि 27 नवम्बर के देर शाम लगभग 10 बजे रात में राजनांदगांव की ओर से डोंगरगढ़ की ओर दो युवक मोटर साइकिल क्र. सुपर स्प्लेन्डर छ.ग 24 रू 2372 में सवार होकर आ रहे थे कि मुड़पार के अंधे मोड़ पर अज्ञात बड़े वाहन के द्वारा जबरदस्त ठोकर मार दी गई जिसके कारण दोपहिया सवार दोनों युवको की मौत मौके पर ही हो गई. दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि मोटर साइकिल सवार हेलमेट पहने हुए था जो दुर्घटना टुकड़ो में तब्दील हो गई और दोपहिया वाहन चकनाचूर हो गया. मृतक के पास पाए गए पहचान पत्र से पुलिस को ज्ञात हुआ कि एक मृतक का नाम राजू खोब्रागढ़े पिता तीजु खोब्रागढ़े उम्र 40 वर्ष निवासी मोहारा बजरंग वार्ड नं. 47 थाना बसंतपुर राजनांदगांव और दूसरे का युवराज यादव पिता शंकर यादव उम्र 21 लगभग थाना बसंतपुर राजनांदगांव के निवासी बताए गए है. परिजनों की शिकायत पर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर मृतको का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया गया है और अज्ञात वाहन की तलाश तेज कर दी गई है.

## योजनाओं के संबंध में मार्गदर्शन हेतु आज शिविर

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासन द्वारा स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में शिक्षित बेरोजगार युवक व युवतियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य दिया गया है। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र ने बताया कि योजनाओं का लाभ लेने के इच्छुक हितग्राहियों के मार्गदर्शन के लिए 29 नवम्बर 2024 को कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र नया संयुक्त जिला कार्यालय हाल क्रमांक 1 कलेक्टोरेट परिसर राजनांदगांव में शिविर का आयोजन किया गया है।

# माँ कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट के द्वारा सुंदरकांड का आयोजन किया गया...



**रायपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** अगहन माह के पवित्र महीने में सुंदरकांड का पाठ छत्तीसगढ़ नगर में यमुना साहू के घर किया गया , साथ में ट्रस्ट के उद्देश्य के बारे में सबको बताया गया,इस कार्य में जिला अध्यक्ष श्रीमती इंद्राणी दुबे , संतोषी साहू ,गैंदी बाई ,हेमलता क्षत्रे,उषा साहू, कल्याणी साहू,पिंकी साहू,सरस्वती साहू, और सभी सहयोगी बहने उपस्थित रहे।परम पूज्य गुरुदेव श्री संकर्षण शरण जी महाराज (गुरुजी)ने सभी को इस पुनीत कार्य के लिए साधुवाद दिए।

# पूर्व सीएमओ के बेटे को पीएम आवास- जरूरतमंदों का आवेदन रद्दी में, गरीब के निर्माणाधीन आवास को ढहाया

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर पंचायत क्षेत्र में जरूरतमंदों को छोड़ शासकीय कर्मचारियों के परिवारों को प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत करने का मामला अब तूल पकडने़ लगा है. विगत पंचवर्षीय में निकाय क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास के लिए हजारों आवेदन प्राप्त हुए और कई स्वीकृत भी हुए किन्तु अनेक वास्तविक गरीबों और जरूरतमंदों को इसका लाभ नहीं मिल सका. वहीं इस योजना का अवैध लाभ लेने शासकीय कर्मचारी विशेषकर डोंगरगांव निकाय के अधिकारी-कर्मचारी सबसे आगे रहे. मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत डोंगरगाँव में प्रधानमंत्री आवास का बंदरबांट किया गया है, जिसमें दैनिक वेतनभोगियों को आवास दिया जाना न्यायोचित था किन्तु अनेक ऐसे शासकीय अधिकारी वर्ग के लोग भी हैं, जिन्होंने नियमों को ताक में रखकर आवास स्वीकृत कर दिया गया और संबंधित विभाग व्दारा निर्माण के बाद भुगतान भी कर दिया गया. हॉलाकि इसमें अनेक शासकीय कर्मचारियों के नाम सामने आ रहे हैं लेकिन सबसे चर्चित नाम दिव्यांश भीमटे के नाम से गांधी पेट्रोल पंप के पीछे निर्मित प्रधानमंत्री आवास है. बता दें कि हितग्राही दिव्यांश भीमटे अविवाहित हैं और अपने शासकीय सेवारत अपने माता-पिता पर आश्रित हैं, जिसमें पिता संजय भीमटे इसी नगरीय निकाय विभाग अंतर्गत सीएमओ के पद पर रह चुके हैं जबकि उनकी मां एक स्कूल में प्रधानपाठिका के रूप में सेवारत हैं. इनके परिवार में चार सदस्य हैं और वर्तमान राशनकार्ड में इसका उल्लेख साफ है. प्रधानमंत्री आवास के लिए प्राथमिक नियमों में परिवार में पक्का मकान नहीं होना चाहिए लेकिन उपलब्ध राशनकार्ड के अनुसार एकीकृत परिवार का वार्ड 1 के पॉश इलाके में उनकी माता के नाम पर पक्का मकान है. वहीं उनके पिता संजय भीमटे नगरीय निकाय विभाग से सीएमओ के पद पर रिटायर हुए हैं. ऐसे में इस परिवार का वार्षिक आय भी प्रधानमंत्री आवास के मानकों में खरा नहीं उतरता है. इसके बावजूद सारे नियमों को धता बताते हुए नगर पंचायत डोंगरगांव में इनके आवास स्वीकृत दिलायी गयी, जिससे विभाग के कार्यप्रणाली पर अनेक सवालिया निशान लगते हैं. इनके अलावा भी अनेक शासकीय कर्मचारी हैं, जिनके आवास स्वीकृत किये गए हैं. शासकीय राशि का खुलेआम दुरूपयोग और सक्षम व्यक्तियों को आवास का लाभ देने से अनेक जरूरतमंद परिवारों इस योजना का लाभ वंचित हो गए हैं और गरीबों के सैकड़ों आवेदन आज भी धूल खाते नगर पंचायत में पड़े हुए हैं.



**गरीब के निर्माणाधीन आवास को किया गया ध्वस्त** : डोंगरगाँव निकाय क्षेत्र में वर्षों से किराये के मकान में गुजर-बसर कर रहे महेन्द्र यादव के नाम से स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास को प्रशासनिक अधिकारियों ने ढहा दिया. सभी नियमों और कागजी प्रक्रियाओं को पूर्ण करने के बाद श्री यादव के पट्टे की जमीन पर नगर पंचायत व्दारा जीओ टेग कर फोटोग्राफी की गई और हितग्राही मकान बनाना प्रारंभ किया गया था, उक्त व्यक्ति ने मकान बनाने के लिए कर्ज लेकर एक ठेकेदार को काम सौंपा था. प्लींथ लेबल तक निर्माण होने के बाद एक बार पुनः जीओ टेग का फोटो खींचा गया लेकिन कोई भी राशि उनके खाते में ट्रांसफर नहीं की गई और न ही इसके विषय में कोई जानकारी ही दी गई. शासकीय राशि आने की उम्मीद में काम लगातार जारी रहा और दीवारें उठकर छत ढालने की तैयारी कर रहे महेन्द्र यादव को काम रोकने कहा गया. इसके पश्चात बगैर हितग्राही की जानकारी दिए नगर पंचायत की टीम के साथ अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचकर निर्माणाधीन मकान को धराशायी कर दी और मलबा के साथ मटेरियल ले गए. इस मामले में तहसीलदार पी.एल.नाग से मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत ने इसे ढहाया है. एक ओर जहाँ जरूरतमंद गरीब का आवास विभागीय अधिकारियों व्दारा तोड़ कर उसे कर्ज में लाद दिया है वहीं सक्षम शासकीय कर्मचारियों के परिवार को नियमों को ताक पर रख पक्का मकान बनाकर दे रहे हैं. नियमों को ताक में रखकर शासकीय राशि का दुरूपयोग को रोकना प्रशासनिक अधिकारियों का काम है लेकिन शासन-प्रशासन ऐसे मामलों को लेकर गंभीर नहीं हैं. प्रधानमंत्री आवास में विगत पांच वर्षों में अनेक मामले हैं, जिनकी जांच किये जाने की आवश्यकता है और नियमों को तोडने़ वाले अधिकारी-कर्मचारियों पर कड़ी कार्यवाही किये जाने की जरूरत है ताकि शासकीय राशि के दुरूपयोग को रोका जा सके.

अभी मुझे जानकारी नहीं है, मामला किसी भी माध्यम से मेरे संज्ञान में आता है तो आवश्यक जांच कर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी

**- श्रीकांत कोर्राम अनुविभागीय अधिकारी ( राजस्व ) डोंगरगांव**

nandgaon times 29nov-4.qxd 11/28/2024 11:58 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) बाघों के समूह को क्या कहा जाता है?*

*2) हाल ही में, एशियाई विकास बैंक का 69वां सदस्य देश कौन बना है?*

*3) हाल ही में दीपम योजना के दूसरे चरण की शुरूआत कहाँ की गई है?*

*4) हाल ही में, ब्राजील ग्रैंड प्रिक्स 2024 का खिताब किसने जीता?*

*5) हाल ही में, दिवंगत हुए देबराज रॉय का संबंध किससे है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1)स्ट्रीक या एम्बुश (2) इजराइल (3) आंध्रप्रदेश (4) मैक्स वेरस्टैपेन (5) अभिनेता

## पथर्री में बाल मेला 30 को

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शा. प्राथमिक शाला ग्राम पथर्री में 30 नवंबर शनिवार को बालमेला का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि - भोलाराम साहू खुज्जी विधायक अध्यक्षता अंजलि धावड़े सरपंच विशिष्ट अतिथि - प्रशांत चीत्वरकर शि. अधि. वि. खं. छुरिया हरीश कुमार सोनी प्राचार्य हायर सेकेंडरी स्कूल साल्हे देवारु राम मालेकर जनपद सदस्य तालेश्वर देवांगन शा. प्रा. शा. एवं विकास समिति कौशल राम वर्मा ग्राम प्रमुख गुहराम देवांगन वरिष्ठ नागरिक दिलीप सिंह नेताम पंच सदस्य नागरिक नारायण लाल साहू ग्राम पटेल होंगे आयोजक शाला प्रबंधक एवं विकास समिति ग्राम पथरी एवं समस्त ग्राम वासी तथा प्रधान पाठक राजकुमार ठाकुर ने क्षेत्रवासियों एवम पालकों को बाल मेला का लाभ लेने का अनुरोध किया है।

## भेड़ीकला मे भूमिहीन हितग्राही के आवास निर्माण का किया भूमिपूजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** 28 नवंबर को ग्राम पंचायत भेड़ीकला मे आवास योजना के भूमिहीन पात्र हितग्राही जिनका आवास स्वीकृत हो चुका था उन्हें ग्राम पंचायत द्वारा भूमि चिन्हांकित कर 2 हितग्राहियों का आवास निर्माण हेतु भूमिपूजन का कार्य किया गया , इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच कृष्णा साहू, उप सरपंच अजीत देवांगन, पंचगण- सुकालू साहू,जितेन्द्र देवांगन, बेदराम साहू, योगराज साहू, सुरेंद्र निषाद, देवंतीन देवांगन, मनीषा साहू, नीरा साहू, भानमती बघेल, कुमारी नेताम, पटवारी हेमन्त वर्मा, सचिव, रोजगार सहायक, आवास मित्र एवं अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे द्य हितग्राहियों द्वारा सभी उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों का आभार प्रकट करते हुए हर्ष जताया।



## जिला स्तरीय सतर्कता एवं सर्वेक्षण समिति की बैठक 6 दिसम्बर को

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में मैनुअल स्कैवेंजर्स के तहत हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों के नियोजन का प्रतिशेध और उनका पुनर्वास अधिनियम के तहत 6 दिसम्बर 2024 को पूर्वान्ह 11 बजे जिला कार्यालय के अपर कलेक्टर कक्ष क्रमांक 49 में जिला स्तरीय सतर्कता एवं सर्वेक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई है।

## निधन



**फिरंतादास साहू**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम पेंड्री (सुकुल दैहान) निवासी फिरंतादास साहू का गुरुवार शाम को निधन हो गया। वे 78 वर्ष के थे और संत कबीर आश्रम से जुड़े थे। अंतिम यात्रा शुक्रवार को सुबह 11 बजे निकाली जाएगी। अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अपने पीछे दो पुत्रों फलेश कुमार, गंगाप्रसाद व पुत्री दिलेश्वरी साहू समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

# कांग्रेस पूरे 60 दिन तक मनाएगा संविधान रक्षक अभियान - भागवत साहू

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भारतीय संविधान के 75 वर्ष होने के उपलक्ष में पूरे देश में संविधान दिवस मनाया जाने के बाद कांग्रेस अब संविधान रक्षक अभियान 26 नवंबर से 26 जनवरी तक याने पूरे 60 दिन के लिए चल रहा है। यह जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि इस 2 महीने के अभियान में पांच प्रमुख विषयों को आम जनता के समक्ष रखा जाना है और प्रत्येक विषय के लिए 10 दिन की अवधि निर्धारित है। श्री साहू ने सभी पांच विषय की जानकारी इस प्रकार दी है। 1. संविधान और समानता की लड़ाई रायपुर - भारत में असमानता और इसे संबोधित करने में भाजपा की विफलता पर ध्यान दें। एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यकों, गैर-अधिसूचित जनजातियों, महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं पर विशेष ध्यान देने के साथ, हाशिए पर रहने वाले समुदायों की स्थिति खराब करने वाली नीतियों को उजागर करें। 2. संविधान द्वारा प्रदत्त आरक्षण की सुरक्षा - जाति जनगणना की वकालत, आरक्षण व्यवस्था पर भाजपा के हमलों और उनकी भेदभावपूर्ण विचारधारा को उजागर करें।3. भेदभाव का उन्मूलन एक प्रमुख संवैधानिक मूल्य - अल्पसंख्यकों, एससी, एसटी और ओबीसी को निशाना बनाने वाली भाजपा की विभाजनकारी राजनीति पर प्रकाश डालें।भाजपा के व्यवस्थित भेदभाव को प्रदर्शित करने वाले डेटा और व्याख्यान प्रदान करें।4. पूंजीवादी सरकार गरीबों के संविधान के विरुद्ध - आम लोगों की कीमत पर कुछ पूंजीपतियों के प्रति भाजपा की पक्षपात को उजागर करें। जिला एवं ब्लाक स्तर पर संविधान रक्षक अभियान का शुभारंभ 26 नवम्बर 2024 से करते हुये आगामी 26 जनवरी 2025 तक उपरोक्त दिये गये विषयों पर स्थानीय स्तर पर कार्यक्रमो का आयोजन करे और कार्यक्रम में जिला प्रभारी पदाधिकारी, स्थानीय प्रदेश पदाधिकारियों, सांसद / पूर्व सांसद प्रत्याशी, विधायक / पूर्व प्रत्याशी / पूर्व विधायकों, एआईसीसी एवं पीसीसी सदस्यों, जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष / पदाधिकारियों, मोर्चा संगठन / प्रकोष्ठ / विभाग के जिला / ब्लाक पदाधिकारियों, सोशल मीडिया के प्रशिक्षिति सदस्यों, नगरीय निकाय/ त्रि-स्तरीय पंचायत के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, सहकारिता क्षेत्र के पदाधिकारियों, वरिष्ठ कांग्रेसजनों की उपस्थिति सुनिश्चित करे साथ ही विशेष रूप से एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यकों, गैर-अधिसूचित जनजातियों, महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं सहित हाशिए पर रहने वाले समुदाय को शामिल करते हुये रैलिया, घर-घर पहुचकर, मिडिया और स्थानीय स्तर पर विभिन्न चर्चाओ के माध्यम से कार्यक्रम का आयोजन कर कार्यक्रम को सफल बनावे। कार्यक्रम पश्चात विस्तृत प्रतिवेदन से प्रदेश कांग्रेस कमेटी को अवगत करावें।



## बंग्लादेश देश की आजादी के लिए भारतीय सेना ने अपना खून क्या इस दिन के लिए बहाया था - अटल मंच

**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं के प्रति खुले रूप से अत्याचार को लेकर अटल मंच के अध्यक्ष आशीष शर्मा ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि क्या इसी दिन के लिए भारत ने बांग्लादेश को आजाद करने के लिए अपनी सैनिकों की बलि दी थी। अटल मंच ने कहा कि वर्तमान पाकिस्तान के लोगों द्वारा बांग्ला देश में रह रहे मुसलमानों के प्रति क्ररुरता के विरुद्ध भारत सरकार ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाया था और बांग्लादेश को आजाद कराने में मदद की थी। इसमें अनेक भारतीय सैनिकों ने अपना लहू बहाया था और कुर्बानीयां दी थी। आज बांग्लादेश में जिस प्रकार से कट्टरपंथियों के दबाव में आकर वहां की सरकार सरकार वहां के हिंदुओं का कत्ल कर रही है वह किसी भी कीमत में भारतीय जनमानस को स्वीकार्य नहीं है।उन्होंने बांग्लादेश में भारतीय दूतावास की प्रशंसा करते हुए कहा कि इसने भारत की आवाज को बांग्लादेश की सरकार के समक्ष कडाई से रखा है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र संघ में भी मामला भारत सरकार द्वारा तुरंत कार्रवाई हेतु लाया जाए एवं उचित कार्रवाई की जाए।आशीष शर्मा ने कहा कि बंग्लादेश को और भारत के प्रति विध्वंशक सोच रखने वालों और टीम सोरोस को अब अच्छे से समझ लेना चाहिये कि महाराष्ट्र के चुनाव परिणाम ने स्पष्ट संकेत दे दिया है कि यदि जरुरी हुआ तो बंग्लादेश की आबादी जितने हिन्दु बंग्लादेश में बाड तोडकर प्रवेश कर सकने में भी पीछे नहीं हटेंगे।===



## नियमों को ताक पर रख की जा रही आरक्षक भर्ती की जानकारी मुख्यमंत्री व गृहमंत्री को न होना संभव नहीं - अभिमन्यु मिश्रा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु उदय मिश्रा ने आरक्षक भर्ती मामले में कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि उच्च न्यायालय के भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगने से अभ्यर्थियों को हो रही परेशानी के साथ साथ सरकार की भी पोल खुल गई है व छत्तीसगढ़ शासन की देशभर में बदनामी भी हुई है एक्सटेंशन पर चल रहे प्रदेश के डीजीपी द्वारा अवर सचिव को पत्र लिखा गया जिसमें पुलिस विभाग के कर्मियों के परिजनों को फिजिकल टेस्ट में विभिन्न बिंदुओं पर प्राथमिकता देने की बात कही गई जो कि मान भी ली गई और नियमो को ताक पर रख चयन प्रक्रिया भी शुरू हो गई किंतु मुख्यमंत्री व गृहमंत्री को इसकी कोई जानकारी नहीं यह किसी हाल में संभव नहीं है । ऐसे में शासन का रवैया इसमें पूर्णत: सवालों के घेरे में है या तो अगर पहले से जानकारी थी तो क्या जान बूझ कर प्रक्रिया शुरू की गई जिससे आगे जा कर मामला कोर्ट में अटके या सुनियोजित तरीके से चुनिंदा लोगों को चयनित करने की बड़ी साजिश रची जा रही थी इस मामले पर जल्द से जल्द कार्यवाही होनी चाहिए व चयन की प्रक्रिया पुन: प्रारंभ की जानी चाहिए क्योंकि शासन प्रशासन की नाकामी का भुगतान अभ्यर्थी भुगते ये बिल्कुल उचित नही है।



## श्रम आयुक्त दर वन कर्मचारी संघ, स्थाईकरण और बारिक कमेटी में शामिल होने कसेगा कमर- हारुन मानिकपुरी

**रायपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** श्रम आयुक्त दर वन कर्मचारी संघ के प्रांत प्रमुख हारुन मानिकपुरी ने कहा है कि स्थाईकरण और बारिक कमेटी में सदस्य बनाने की मांग को लेकर संघ काम कर रही है। जिसे लेकर संघ के महिला, पूरुष कर्मचारियों में खुशी का माहौल है। श्रम आयुक्त दर वन कर्मचारी संघ के प्रांत प्रमुख हारुन मानिकपुरी ने बताया कि संघ, छत्तीसगढ़ विधानसभा के क्षेत्रीय विधायकों के माध्यम से शीतकालीन सत्र में ध्यानाकर्षण प्रश्न लगाकर सामान्य प्रशासन विभाग से अनियमित कर्मचारियों एवं श्रम आयुक्त दर वन कर्मचारियों के हित में जानकारी मांगेगी कि मोदी की गारंटी में अनियमित कर्मचारियों के समस्या, मांगों के लिए कमेटी बनाने का वादा किया है हां/नहीं (2) उपरोक्त कमेटी में अनियमित कर्मचारियों को सदस्य बनाने का वादा भी किया गया है हां/नहीं (3) संविदा -पूर्णकालिक राज्य योजना, संविदा पूर्णकालिक केन्द्रीय योजना, संविदा अंशकालिन, संविदा -जाबदर, संविदा -मानदेय, श्रम आयुक्त दर -पूर्णकालिक राज्य योजना,श्रम आयुक्त दर पूर्णकालिक केन्द्रीय योजना,श्रम आयुक्त दर -मानदेय, कलेक्टर दर -पूर्णकालिक राज्य योजना, कलेक्टर दर -पूर्णकालिक केंद्रीय योजना, कलेक्टर दर -अंशकालिन, कलेक्टर दर -जाबदर, कलेक्टर दर मानदेय,आऊट सोर्सिंग -राज्य योजना,आऊट सोर्सिंग - केंद्रीय योजना, प्लेसमेंट -राज्य योजना, प्लेसमेंट - केंद्रीय योजना,ठेका- राज्य योजना,ठेका -केंद्रीय योजना, सहित अनेक प्रकार के अनियमित कर्मचारी विभिन्न 57 विभाग,40 निगम मंडल,आयोग, बोर्ड, सोसायटी, सहकारिता,मिशन में कार्यरत हैं। उनमें किन-किन प्रकार के कर्मचारियों को सदस्य बनाया जाएगा। अनियमित कर्मचारियों की कुल सदस्य संख्या कितनी होगी श्रम आयुक्त दर वन कर्मचारी संघ के प्रांत प्रमुख हारुन मानिकपुरी बताया कि ध्यानाकर्षण प्रश्न के माध्यम से यह भी पूछा जाएगा कि कमेटी में अनियमित कर्मचारियों को सदस्य बनाने के मापदंड क्या होंगे बारिक कमेटी में सदस्य, अनियमित कर्मचारियों को कब तक बना लिया जाएगा।



## धान खरीदी केंद्र निरिक्षण किया ए डी एम वर्मा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम रानीतरई सोसायटी धान उपार्जन केन्द्र आलीखुटा में गुरुवार को ए डी एम खेमलाल वर्मा अचानक निरीक्षण करने पहुंचे जिसमें योगेन्द्र दास वैष्णव महामंत्री जिला किसान कांग्रेस ने वर्मा जी अवगत कराया कि हमाल कमी तथा आनलाईन टोकन में किसानों बहुत समस्या है आफलाइन 50 त्न करने पर किसानों सुविधा होगा तथा धान खरीदी केंद्र में धान उठाव जरूरी नहीं तो आगामी दिनों में धान खरीदी बंद करने नौबत आ सकता तथा कन्हारपुरी धान खरीदी केंद्र पुराना बारदाना नहीं है वर्मा ने किसानों अपने धान खरीदी केंद्र लेकर तथा दुसरे धान को नहीं तथा पर्चा किसी नहीं दे पराली नहीं जालाये तथा तिलहन दलहन गेहूं मक्का गर्मी फसल उपयोग करें जिससे हमारे वाटर लेबल बने रहे प्रबंधक रवि यादव सहायक प्रबंधक चेतन साहु किसान कर्मचारीगण उपस्थित रहा।



## अर्थशास्त्र विभाग में विद्यार्थियो को दिया गया नेट-सेट कोचिंग-मार्गदर्शन

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** स्थानीय शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के अर्थशास्त्र विभाग में स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र के विद्यार्थियों को सेट-नेट की तैयारी हेतु कोचिंग एवं मागदर्शन दिया गया। इस अवसर पर अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ.आर.आर.कोचे ने विद्यार्थियों को विशेष रूप से सेट-नेट परीक्षा में पूछे जाने वाले प्रश्नों की प्रकृति एवं वर्तमान प्रारूप के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि सेट-नेट का पाठ्यक्रम को अवलोकन कर प्रत्येक शीर्षक का अध्ययन गहराई से करें तथा उन्हे अधिक से अधिक बार पुनरावृश्रि करते रहे, इससे शीर्षक की अवधारणा स्पष्ट हो सकेगी। इसके अतिरिक्त विभागाध्यक्ष डॉ.आर.आर.कोचे ने बताया कि प्रश्नों को हल करते समय सरल प्रश्नों को प्रथम क्रम में हल करने के बाद कठिन प्रश्नों को हल करना चाहिए। उन्होने आगे बताया कि अर्थशास्त्र विषय में सेट-नेट परीक्षा में क्वालिफाई अंक प्राप्त करने के लिए वर्तमान आर्थिक आकड़ों पर अद्यतन के अतिरिक्त आर्थिक नियमों सिद्धांतो एवं मॉडलों के प्रतिपादको एवं अर्थशास्त्रियों के नाम, उनके मूलभाव की स्पष्टता के साथ ही आर्थिक नीतियों एवं समितियों के नाम की जानकारी होना आवश्यक है। महाविद्यालय के स्नातक स्तर कक्षाओं के विद्यार्थियों को दी जा रही कोचिंग व मार्गदर्शन में शामिल छात्र के पूछे गये प्रश्न के जवाब में डॉ.कोचे ने बताया कि सेट-नेट के सामान्य ज्ञान प्रश्न पत्र की तैयारी के लिए उच्च शिक्षा विभाग से संबंधित समस्त जानकारी के अतिरिक्त शैक्षणिक अभिरूचि का निरंतर अभ्यास के साथ मानसिक एवं तार्किक योग्यता के प्रश्नों को हल करने के लिए अच्छे स्तरीय पुस्तकों का अध्ययन किया जाना आवश्यक है। सेट में कोचिंग मागदर्शन कार्यक्रम के अंत में डॉ.कोचे ने विद्यार्थियों को विगत 5 वर्षो के नेट-सेट प्रश्न पत्रों के हल का वितरण कर अधिक से अधिक छात्रों को नेट-सेट परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया।



## *धर्म समाचार....*

## 30 नवंबर तक इन राशियों की बदलेगी किस्मत, धन से भर जाएगी तिजोरी




ज्योतिषीय गणना के अनुसार 30 नवंबर के दिन मन के कारक चंद्र देव राशि परिवर्तन करेंगे। 30 नवंबर को चंद्र देव तुला राशि से निकलकर वृश्चिक राशि में गोचर करेंगे। वृश्चिक राशि के स्वामी ऊर्जा के कारक मंगल देव हैं और आराध्य हनुमान जी हैं। हनुमान जी की पूजा करने से जातक को सभी प्रकार के दुखों से मुक्ति मिलती है।

ज्योतिष शास्त्र में चंद्रमा को मन का कारक माना जाता है। कुंडली में चंद्रमा मजबूत रहने से जातक को शुभ कार्यों में सफलता मिलती है। इसके साथ ही जातक हमेशा प्रसन्नचित्त रहता है। कुंडली में चंद्रमा कमजोर होने पर जातक निर्णय लेने में असमर्थ रहता है। कई अवसर पर गलत फैसले लेकर जातक अपने जीवन में मुश्किलों को दावत देता है। ज्योतिषियों की मानें तो मार्गशीर्ष माह के कृष्ण पक्ष की द्वादशी तिथि पर चंद्र देव ने राशि परिवर्तन किया है। चंद्र देव के राशि परिवर्तन करने से कई राशि के जातकों के अच्छे दिन शुरू होंगे। साथ ही आय और सौभाग्य में भी वृद्धि होगी। आइए जानते हैं- ज्योतिषियों की मानें तो मार्गशीर्ष माह के कृष्ण पक्ष की द्वादशी तिथि पर चंद्र देव ने राशि परिवर्तन किया है। चंद्र देव ने 27 नवंबर को शाम 06 बजकर 07 मिनट पर कन्या राशि से निकलकर तुला राशि में गोचर किया है। इस राशि में चंद्र देव दो दिनों तक रहेंगे। इसके बाद तुला राशि से निकलकर वृश्चिक राशि में गोचर करेंगे।

**कन्या राशि**- चंद्र देव के राशि परिवर्तन से कन्या राशि के जातकों के परिवार में सुखद माहौल रहेगा। आपकी आमदनी बढ़ेगी। धन बचत करने में आप सफल होंगे।मानसिक तनाव से मुक्ति मिल सकती है। विचार में शालीनता और धैर्यता आएगी। बिगड़े कार्य बन सकते हैं। जीवन में बदलाव देखने को मिलेगा। धार्मिक यात्रा के योग बनेंगे बुध देव की कृपा से कारोबार में सफलता मिलेगी। वहीं, कारोबार में तरक्की और उन्नति पाने के लिए भगवान गणेश की पूजा करें। साथ ही भगवान शिव का अभिषेक करें।

**धनु राशि**- धनु राशि के जातकों के अच्छे दिन शुरू होंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभ कार्यों में सफलता मिलेगी। निवेश से लाभ होगा। घर पर मेहमानों का आगमन होगा। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। नए कार्य का श्रीगणेश कर सकते हैं। कारोबार में बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। पद-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। साथ ही सुख और सौभाग्य में वृद्धि होगी। मनचाहा वर पाने के लिए कच्चे दूध से भगवान विष्णु का अभिषेक करें। इस उपाय को करने से आय और सौभाग्य में वृद्धि होगी।

### मार्गशीर्ष अमावस्या पर करें इन चीजों का दान, प्राप्त होगा पितरों का आशीर्वाद



गरुड़ पुराण में निहित है कि मार्गशीर्ष अमावस्या पर पितरों का तर्पण एवं पिंडदान करने से तीन पीढ़ी के पूर्वजों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। वहीं साधक पर पितरों की विशेष कृपा बरसती है। उनकी कृपा से जातक को सभी प्रकार के सुखों की प्राप्ति होती है। इस शुभ अवसर पर साधक गंगा समेत पवित्र नदियों में स्नान कर पितरों का विधिपूर्वक तर्पण करते हैं। वैदिक पंचांग के अनुसार, 01 दिसंबर को मार्गशीर्ष अमावस्या है। इस दिन गंगा समेत पवित्र नदियों में स्नान-ध्यान किया जाता है। इसके साथ ही पितरों का भी तर्पण एवं पिंडदान किया जाता है। मार्गशीर्ष अमावस्या तिथि पर पूर्वजों का तर्पण करने से व्यक्ति को पितृ दोष से मुक्ति मिलती है। इसके साथ ही पितरों के आशीर्वाद से धन और वंश में वृद्धि होती है। शास्त्रों में मार्गशीर्ष अमावस्या पर दान करने का भी विधान है। अगर आप भी भगवान विष्णु की कृपा के भागी बनना चाहते हैं, तो मार्गशीर्ष अमावस्या पर प्रात: काल में स्नान-ध्यान करें। इसके बाद विधि-विधान से भगवान विष्णु एवं शिव जी की पूजा करें। वहीं पितरों का तर्पण के बाद ब्राह्मणों एवं जरूरतमंदों को भोजन खिलाएं। इसके बाद अपनी आर्थिक स्थिति के अनुसार इन चीजों का दान करें।

**करें इन चीजों का दान**

मेष राशि के जातक मार्गशीर्ष अमावस्या पर मूंगफली, राजमा मडुआ और गुड़ का दान करें।
वृषभ राशि के जातक मार्गशीर्ष अमावस्या पर दूध, दही, पनीर, माखन आदि चीजों का दान करें।
मिथुन राशि के जातक मार्गशीर्ष अमावस्या पर हरी सब्जी, हरे रंग के फल, और साबुत मूंग का दान करें।
कर्क राशि के जातक मार्गशीर्ष अमावस्या पर आटा, मैदा, नमक, चावल और चीनी का दान करें।
सिंह राशि के जातक मार्गशीर्ष अमावस्या पर मसूर दाल, लाल मिर्च, रागी और गेहूं का दान करें।
कन्या राशि के जातक अमावस्या पर गौशाला में धन, साबुत मूंग और शिमला मिर्च का दान करें।
तुला राशि के जातक मार्गशीर्ष अमावस्या पर नमक, आटा, मैदा और सफेद रंग के कपड़े का दान करें।
वृश्चिक राशि के जातक मार्गशीर्ष अमावस्या पर मडुआ, रागी, शकरकंद, मसूर दाल का दान करें।
धनु राशि के जातक अमावस्या पर पके केले, पके पपीते, बेसन और पीले रंग का वस्त्र का दान करें।
मकर राशि के जातक मार्गशीर्ष अमावस्या पर काले तिल, अलसी, काली सरसों आदि चीजों का दान करें।
कुंभ राशि के जातक अमावस्या पर चमड़े के जूते-चप्पल, काला कंबल, काला वस्त्र का दान करें।
मीन राशि के जातक मार्गशीर्ष अमावस्या पर चने की दाल, मकई, सत्तू, पके केले आदि चीजों का दान करें।

nandgaon times 29nov-4.qxd 11/28/2024 11:58 PM Page 4




- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971


# अधिकारी मौन, राईस मिलरो के हौसले बुलंद



**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** राईस मिलर के विरुद्ध कार्यवाही नहीं होने से उनके हौसले दिन प्रतिदिन बुलंद होते जा रहे है तो दूसरी तरफ अधिकारी जिस प्रकार से टालमटोल का रवैया अपना रहे है उससे कई प्रकार के सवाल खड़े हो रहे है कि ज्ञात हो कि जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल के आदेश पर डोंगरगढ़ एसडीएम मनोज मरकाम के द्वारा खाद्य एवं कृषि उपज मंडी के अधिकारियों कर्मचारियो की टीम गठित कर शहर स्थित अरोरा राईस मिल में छापेमार कार्यवाही की गई. प्राप्त समाचार में बताया गया था कि 14 नवम्बर 2024 को अरोरा इंडस्ट्रीज प्रो. बसंत कौर अरोरा पति जनरैल सिंह अरोरा के राईस मिल का स्टॉक पंजी की जांच व भौतिक सत्यापन करने पर मिल परिसर में 05 स्टॉक धान का होना पाया गया एवं मिल के बाहर पोल्ट्री फॉर्म चौथना में 01 स्टॉक धान का होना पाया गया और मिल परिसर में 5798 क्विंटल उसना चावल पाया गया जिस पर अन्य कंपनी का लेबल वाले थैले में उसना चावल भर कर अन्य देश भेजे जाने की जानकारी दी गई थी जिसके मिलान के बाद राईस मिल में अनुमानित स्टेकवार में कुल 106000 कट्टा धान पाया गया. जाँच के बाद कुल 37555.80 क्विंटल धान का होना पाया गया. मौके पर



## मामला- उसना चावल की अफरातफरी का

उपस्थित स्टॉक रजिस्टर जाँच किया गया जिसमें 37319 क्विंटल पाया गया जो कि मिलान करने पर 236.80 क्विंटल धान अधिक होना पाया गया. अतिरिक्त मिले धान की जप्ती बनाकर मंडी अधिनियम की धारा 23 एवं 19(4) के तहत कार्यवाही प्रतिपादित की गई. कार्यवाही के दौरान एसडीएम मनोज मरकाम, जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी डुमेंद्र ध्रुव, तहसीलदार मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त तहसीलदार कमल किशोर साहू, खाद्य निरीक्षक सिध्दार्थ मिश्रा एवं कृषि मंडी निरीक्षक ईश्वरी प्रसाद चंद्राकर सहित कर्मचारी उपस्थित थे. वहीं दूसरी ओर 15 नवम्बर 2024 को गुरुदेव इंडस्ट्रीज महाराजपुर छुरिया के द्वारा अन्य कंपनी के नाम से उसना चावल भरकर लगभग 200 ट्रक सीमेंट सीलीपाट फैक्ट्री स्थित यार्ड में वैगन लोड कर विशाखापट्टनम के रास्ते साउथ अफ्रीका के नाईबेरिया शहर ट्रेन में लोडिंग करने की जानकारी मिली थी व पूछताछ करने के बाद राईस मिलरो में हड़कंप मच गया था. चर्चा तो यहाँ तक थी कि अन्य कुछ राईस मिलरो के द्वारा भी अन्य कंपनियों के नाम से उसना चावल भरकर अफरातफरी करने की चर्चा सामने आई थी जिसके बाद जिला खाद्य निरीक्षक डोमेंद्र ध्रुव ने बताया था कि उसना चावल का सैंपल लेकर जाँच के लिए भेजा गया है जाँच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी परंतु दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी राईस मिलरो के विरुद्ध अभी तक कोई कार्यवाही नहीं होने से कई प्रकार के सवाल खड़े होने लगे है. इसको लेकर जिला खाद्य निरीक्षक डोमेंद्र ध्रुव से चर्चा करने पर बताया गया कि अन्य कंपनी के नाम से उसना चावल की अफरातफरी करने की शिकायत



आने के बाद कई राईस मिलरो की निगरानी की जा रही है सबूत मिलती ही उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी.

# राजनांदगांव रॉयल कराते एकेडमी को नेशनल हैदराबाद में गोल्ड मेंडल







**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** रॉयल कराते एकेडमी को नेशनल लेवल पर हो रहे। ऑल इंडिया कराते ओपन चैम्पियनशीप 22,23,24 नवम्बर हैदराबाद करीम नगर में आयोजित हुआ जिसमें चीफ गेस्ट सिनेमा अभिनेता डॉ. सुमन तलवार सर व बाहुबली फिल्म के हीरो प्रभास की माता श्री उपस्थित रही। चैम्पियनशीप के ऑर्गनाईजर शिहान श्रीनिवास व टैक्नीकल डॉयरेक्टर शिहान जयदेव शर्मा सर व रेफरी चेयरमेन के पद पर शिहान आदिल खान थे। जिसमें राजनांदगांव से छ.ग. को रॉयल कराते के बच्चों का चयन हुआ ये बच्चों ने छ.ग. राजनांदगांव का नाम व अपने प्रशिक्षक के सिखाए हुए कराते के गुणों दिखाते हुए सभी वर्ग में मेडल हासिल किया, जिसमें सीनियर वर्ग में काता/ कुमिते (फाइट) में कामिल खान ने गोल्ड मेडल हासिल किया, ओम ठाकुर ने कैडिट में काता/ कुमिते में गोल्ड मेंडल हासिल किया, जूनियर वर्ग में पृथ्वीराज निर्मलकर ने कुमिते में सिल्वर मेंडल व काता में गोल्ड मेंडल हासिल किया, उसी प्रकार आदि वर्मा ने अपने वर्ग में काता में ब्राउंज व कुमिते में ब्राउंज मेंडल हासिल किया। बालिकाओं में वीनु वर्मा ने अपने वर्ग में काता में ब्राउंज मेंडल व कुमिते में सिल्वर मेंडल हासिल किया व फ्लोरेंस मसीह ने काता में बाउंज मेंडल व कुमिते में ब्राउंज मेंडल हासिल किया। बच्चों के इस उपलब्धि के लिए छ.ग. कराते के महासचिव शिहान अविनाश शेट्टी सर व छ.ग. अध्यक्ष शिहान सुशील चंद्रा सर व कराते एसोशिएशन छ.ग. के सभी गुरूजनों ने रॉयल कराते एकेडमी के बच्चों व उनके प्रशिक्षक शिहान आदिल खान सर छ.ग. उपाध्यक्ष/ रेफरी चेयर मैंन व कोच रॉयल कराते एकेडमी राजनांदगांव को बधाई दी है व बच्चों के लिए उज्जवल भविष्य के लिए आर्शीवाद दिया है।

व राजनांदगांव कराते एसोसिएशन के सभी पदाधिकारीगण व सभी खेल जगत के गुरूजनों के आर्शीवाद दिया है कराते के जगत में राजनांदगांव के बच्चों ने हैदराबाद में भी राजनांदगांव का डंका बजाया है व मेंडल हासिल किया है। शहर के सभी खेल प्रेमियों ने बधाई व आर्शीवाद दिया है। व शहर में उत्साह लहर व्याप्त है।

# मिशन अमृत 2.0 में नांदगांव, 147 करोड़ की स्वीकृति मिली, 2 नए एसटीपी प्लांट तैयार होंगे

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मिशन अमृत 2.0 के लिए राजनांदगांव शहर को 147 करोड़ रुपए की सौगात मिली है। ये दूसरा मौका है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने मिशन अमृत के लिए चयनित शहरों में राजनांदगांव को शामिल किया है। नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने बताया कि, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पांडे के मिश्रित प्रयासों व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव की अनुशंसा पर ये सौगात हासिल हुई है। उन्होंने कहा कि, इस योजना के तहत नई तकनीक से जल संरक्षण की दिशा में बड़े बदलाव आएंगे। भाजपा पार्षद दल के नेता किशुन यदु ने बताया कि, इससे पूर्व वर्ष 2016-17 में भाजपा की केंद्र सरकार ने शहर को मिशन अमृत में शामिल किया था। अब केंद्र की योजना मिशन अमृत 2.0 में भी राजनांदगांव को जगह दी गई है। यह योजना कई मायनों में शहर और आसपास के किसानों के लिए बड़ी उपलब्धि लेकर आएगी। इस योजना के तहत 147 करोड़ रुपए की लागत से पारीनाला में 15 एलएलडी का सीवरेज ट्रीटमंट प्लांट





तैयार किया जाएगा। इसके लिए गठुला नाला के पास स्टॉप डेम के माध्यम से ड्रेनेज का पानी रोककर पारी तक पाइप लाईन बिछाई जाएगी। इसी प्रकार मोहारा में भी 26 एमएलडी का सीवरेज ट्रीटमंट प्लांट बनाया जाएगा। इन प्लांट्स से शहर से निकलने वाले गंदे पानी का शुद्धिकरण किया जाएगा। जिसके बाद शुद्ध पानी का इस्तेमाल सिंचाई सहित अन्य प्रायोजनों हेतु किया जा सकेगा। यह जल संरक्षण की दिशा में बड़ी पहल साबित होगी। उन्होंने बताया कि, मिशन अमृत के पहले चरण में भी शहर के मोहड़ में 6 एमएलडी का एसटीपी प्लांट बनाया गया है। यहां ड्रेनेज वॉटर का प्यूरीफिक्रेशन जारी है और इससे क्षेत्र की कृषि को लाभ मिल रहा है। इस स्वीकृति पर हर्ष व्यक्त करते हुए भाजपा पार्षद दल के नेता किशुन यदु ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पांडे के मिश्रित प्रयासों से शहर को विकास के नए पंख लगे हैं। शहर के नागरिकों की ओर से मैं उनका अभिनंदन करता हूं।

## छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस 2024 में रमेश कुमार साहू सम्मानित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** एम.ए. छात्र संगठन रायपुर द्वारा तेलीबांधा मरीन ड्राईव में छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस का आयोजन 24.11.2024 दिन रविवार को किया गया। छत्तीसगढ़ी भाषा जन जागरण रैली जिला राजनांदगांव में सफल आयोजन के लिये एम.ए. छत्तीसगढ़ी छात्र रमेश कुमार साहू जी को मेडल और खुमरी के साथ सम्मानित किया गया। इसके लिये समस्त राजनांदगांव साहित्यकार ने उपलब्धि समझकर गौरवान्वित होने का अनुभव किया और ओमप्रकाश साहू, महेन्द्र कुमार बघेल, आत्माराम कुशवाहा जी ने बधाई भी दिये। एम.ए. छात्र संगठन के अध्यक्ष ऋतुराज साहू ने कहा कि आयोजन की सफलता में रमेश कुमार साहू और भागचंद सिन्हा जी का भूमिका महत्वपूर्ण सहयोग रहा। छत्तीसगढ़ी भाषा को रोजगार की भाषा कामकाज की भाषा और विद्यालयीन शिक्षा, 8वीं अनुसूची में शामिल करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया था।



## शारीरिक एवं मानसिक विकास अनिवार्य हो वैष्णव

**राजनादगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पंडित शिव कुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवं अनुसन्धान केंद्र सुरगी राजनांदगांव के चतुर्थ घर वर्ष के छात्रों द्वारा ग्राम धामनसारा के आँगनबाड़ी के बच्चों के साथ उनके शारीरिक विकास एवं मानसिक विकास कोशल को बढ़ाने के उद्देश्य से बच्चों के साथ समय व्यतीत किया जिसके तहत बच्चों के साथ खेल, चित्र लेखन तथा शिक्षा लेखन किया गया जिससे बच्चों में उत्साह देखा गया इस कार्यक्रम में सम्मिलित छात्र/छात्रा तुषार, भूपेंद्र, लेदीप्य ,विवेक, दुष्यंत, राहुल, डिलेंद,दीपा ,नंदलाल, ओंकार, रामकरण, बिद्धू, मिली, विनीता, वंदना,प्रणय, भूपेंद्र राणा, शामिल थे इस कार्यक्रम में योगेन्द्र दास वैष्णव द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।



# महाराष्ट्र से लाया जा रहा 40 कट्टा अवैध धान जप्त

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में अन्य राज्यों से आने वाले अवैध धान तथा कोचियों, बिचौलियों द्वारा धान की अवैध खरीदी एवं बिक्री पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। अन्य राज्यों से आने वाले अवैध धान की रोकथाम हेतु जिले के तीन सीमावर्ती स्थानों वनोपज जांच चौकी कल्लूबंजारी, वनोपज जांच चौकी बोरतलाब एवं साल्हेकला अछोली क्षेत्र, अंतर्राज्यीय सीमा जांच चौकी बागनदी (पाटेकोहरा) पर चेकपोस्ट बनाया गया है, जिसमें पुलिस, वन विभाग, मंडी एवं नगर सेना के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा 24 घंटे निगरानी रखे जाने के निर्देश दिये गये हैं।



इसी कड़ी में खाद्य एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम बेंदाड़ी चेक पोस्ट में महाराष्ट्र राज्य से वाहन में लाया जा रहा 40 कट्टा अवैध धान जप्त किया गया। खाद्य अधिकारी श्री रविन्द्र सोनी ने बताया कि बेंदाड़ी चेक पोस्ट में नियमित वाहन चेकिंग के दौरान अवैध धान की जानकारी मिली। जिसमें 40 कट्टा अवैध धान पाया गया। जप्त धान को छुरिया थाना में अभिरक्षा के लिए दिया गया है। जप्त धान का मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। महाराष्ट्र से अवैध धान खपाने के लिए ग्राम झाडीखैरी के किसान के घर धान का परिवहन किया जाया जा रहा था।

## राजीव भाई दीक्षित जयंती एवं पुण्य तिथि 1 दि. को

**योग एवं स्वदेशी जागरूकता कार्यक्रम 1 दिसम्बर को मोतीपुर में**



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** स्वदेशी के प्रणेता राजीव भाई दीक्षित जयंती एवं पुण्य तिथि पर 1 दिसम्बर 2024 को सुबह 6.30 बजे मोतीपुर गणेश पारा ढाबा रोड स्थित उद्यान राजनांदगांव में योग एवं स्वदेशी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। शिक्षा संस्कार फाउंडेशन मोतीपुर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में राजीव भाई के विचारों को आत्मसात करते हुए योग, स्वास्थ्य, स्वदेशी, जागरूक भारत निर्माण सहित अन्य विषयों पर व्याख्यान का आयोजन होगा। कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में नागरिकों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

# आज मोहारा रोड फ्लाई ओव्हर के नीचे चला प्रतिबंधित प्लास्टिक जप्ती अभियान, 5 हजार जुर्माना एवं पानी पाउच बोरी, डिस्पोजल व पालिथीन की जप्ती



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासन निर्देश के अनुक्रम में नगर को स्वच्छ सुंदर एवं पालीथिन मुक्त करने नगर निगम द्वारा प्रतिदिन अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिये निगम का स्वास्थ्य अमला शहर के दुकानदारों व नागरिकों को साफसफाई रखने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने समझाईस देने के साथ साथ कार्यवाही भी कर रहे है। कार्यवाही की कडी में आज स्वास्थ्य अमला ने मोहारा रोड फ्लाई ओव्हर के नीचे के 15 दुकानदारों से 5 हजार रूपये जुर्माना वसूल, 15 बोरी पानी पाउच, 20 रीम डिस्पोजल व 9 सौ ग्राम पालिथीन की जप्ती किये। प्रतिबंधित प्लास्टिक के लिये कार्यवाही के संबंध में नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि पर्यावरण संवर्धन एवं नागरिकों तथा जानवरों को प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले स्वास्थ्य में दुष्प्रभाव से बचाने शासन निर्देश के अनुक्रम में शहर के व्यापारियों एवं नागरिकों से प्लास्टिक कैरी बैग का उपयोग नहीं करने, साफ सफाई रखने तथा कपड़े का थैला उपयोग करने समझाईस दी जा रही है तथा उपयोग पर कार्यवाही की जा रही है। इसी कडी में आज निगम के स्वास्थ्य टीम ने मोहारा फ्लाई ओव्हर के नीचे के 15 दुकानों पर कार्यवाही कर 5 हजार रूपये जुर्माना लगाये तथा 15 बोरी पानी पाउच, 20 रीम डिस्पोजल व 9 सौ ग्राम पालिथीन जप्त किये। इसी प्रकार कार्यवाही करते हुये गत दिनों गुरूद्वारा रोड के 10 फल ठेला वालों से 1 किलो 5 सौ ग्राम प्रतिबंधित पालिथीन जप्ती कर 1 हजार 8 सौ रूपये जुर्माना लगाये थे। इसी तरह तुलसीपुर, ममता नगर व मोतीपुर के किराना व अन्य व्यवसायियों पर प्रतिबंधित प्लास्टिक के लिये कार्यवाही कर 10 दुकानदारों से 5 हजार 7 सौ रूपये जुर्माना वसूल कर 4 किलो पालिथीन, डिस्पोजल की जप्ती बनाये। उक्त कार्यवाही जारी रहेगी। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी देते हुये कहा कि आज प्लास्टिक के कारण



पर्यावरण पर सीधा प्रभाव पड रहा है, जिसका प्रभाव हमारे स्वास्थ्य पर भी हो रहा है। साथ ही जानवर के पालीथिन खाने पर उनके शरीर पर भी दुष्प्रभाव पड रहा है। इन बातो को ध्यान में रखकर शासन द्वारा इसके विक्रय एवं उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है, जिसे ध्यान में रखते हुये हमे भी इस कार्य में सहयोग करना है। उन्होनें सभी व्यापारियों से अपील करते हुये कहा कि अपने प्रतिष्ठानों की नियमित साफ-सफाई रखे एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करे, साथ ही उन्होंने नागरिकों से भी प्लास्टिक कैरी बैग के स्थान पर जूट से बने थैले का उपयोग करने तथा अपने घर व उसके आस पास साफसफाई रखने की अपील की है।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com